पंजाब केसरी 09/07/2024

विद्यार्थी अपने घर आंगन में एक पौधा अवश्य लगाएं : डा. रोहित दत्त

जी.एम.एन. कालेज में पौधारोपण करतीं एन.सी.सी. गर्ल्स कैडेट्स। (देवदत्त)

अम्बाला, 8 जुलाई (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के प्रांगण में प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में एन.सी.सी. गर्ल्स विंग्स द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर डा. रोहित दत्त ने कहा कि पौधे हानिकारक गैसों को सोखकर मानव जाति को सांस लेने के लिए आवश्यक आक्सीजन का विसर्जन करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने घर आंगन में एक पौधा अवश्य लगाएं, जिससे आए दिन बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण का संतुलन सही किया जा सके।

सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। एन.सी.सी कैडेट्स ने प्रण लिया कि वे अपने द्वारा उगाए गए प्रत्येक पौधे की देखभाल करेंगे।